पाक्षिक



खबर आस पास

खबर आस पास RNI REGISTERED

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 14 नवम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

पीएम मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो में सफर किया : काउंटर से टिकट खरीदा, सीएम डीके शिवकुमार साथ रहे; रु.15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

नई दिल्ली एजेन्सी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने काउंटर से टिकट खरीदा और ष्टरू डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया।

पीएम मोदी ने राज्य में ?15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु 100 किमी से ज्यादा मेट्रो नेटवर्क वाला देश का तीसरा शहर बन गया है।

इससे पहले मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। यहां कई योग गुरु और विद्वान हुए हैं।

पीएम मोदी ने बेंगलुरु में वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

पीएम मोदी ने बेंगलुरु से गोवा के मडगांव के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन मैंगलुरु होते हुए बेंगलुरु और गोवा को जोड़ेगी। इससे कर्नाटक के तटीय इलाकों और गोवा के बीच रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

यह 16 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन है। इसमें चेयर कार और एग्जीक्यूटिव चेयर कार की सुविधा है। ट्रेन में कुल 1,128 यात्री सफर कर सकेंगे।

विदेशों में 150 से ज्यादा आयुर्वेद कोर्स को मिली मान्यता: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि विदेशों में 150 से ज्यादा आयुर्वेद कोर्स को मान्यता मिली है। आज दुनिया में आयुर्वेद से इलाज एक मूवमेंट बन गया है।

मोदी बोले- दुनिया के बड़े नेता भी योग करते हैं

पीएम मोदी ने कहा कि विदेशी मेहमानों और विश्व नेताओं के साथ लंच-डिनर के दौरान योग की चर्चा जरूर होती है। दुनिया के बड़े नेताओं के परिवारों में भी लोग योग सीखते और करते हैं।

कतर की रॉयल फैमिली समेत कई विदेशी लोग योग के लिए





पीएम मोदी की स्पीच की 3 अहम बातें ...


- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे गुलामी की सोच को पीछे छोड़ रहा है। कर्नाटक के 60 से ज्यादा स्टेशन अमृत भारत स्टेशन बन चुके हैं। अब यहां एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं देने की कोशिश हो रही है।
- उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में बीते दशक में उठाए कदम भारत के काम आए। बेंगलुरु का LPG प्रोजेक्ट 80 हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता बढ़ाएगा। देवनगोंडी टर्मिनल से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई बढ़ेगी।
- पीएम मोदी ने कहा कि 60 लाख से ज्यादा परिवारों ने छतों पर सोलर पैनल लगाए हैं। इनमें कर्नाटक के 40 हजार परिवार हैं, जिन्हें रु.80 हजार की मदद दी गई। पीएम-कुसुम योजना से राज्य में 8 लाख से ज्यादा सोलर पंपों से सिंचाई हो रही है।

समर्पित हैं। ऐसे लोगों को पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है। विदेशों में 150 से ज्यादा आयुर्वेद कोर्स को मान्यता मिली है। आज आयुर्वेद इलाज दुनिया में एक मूवमेंट बन गया है।

मोदी बोले- शेषाद्री ने पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण में लगाया

पीएम मोदी ने कहा कि प्रशांति कुटीरम की गोल्डन जुबली पर कई नई सुविधाओं की शुरुआत हुई है। इसके लिए उन्होंने S-VYASA परिवार को बधाई दी। साथ ही शेषाद्री जी की जन्म शताब्दी पर उन्हें नमन किया।

मोदी ने कहा कि शेषाद्री जी ने पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण में लगा दिया। उन्होंने संघ में रहकर लोगों को तैयार किया। उनकी सादगी और विनम्रता से आज भी करोड़ों स्वयंसेवक प्रेरणा लेते हैं। वे कहते थे कि जिस तरह मां बिना स्वार्थ के बच्चे की सेवा करती है, उसी तरह हमें समाज की सेवा करनी चाहिए।



दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 478 पहुंचा

राजस्थान में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट; जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में बर्फबारी

नई दिल्ली एजेन्सी। दिल्ली शुक्रवार को पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स, यानी AQI 403 दर्ज किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के आसपास AQI 478 और ITO इलाके में 455 दर्ज किया गया। स्विस संस्था AQI के मुताबिक, दिल्ली का AQI 334 दर्ज हुआ। यह खतरनाक श्रेणी में आता है। इसके मुताबिक, दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर पाकिस्तान का लाहौर है, जिसका AQI 197 दर्ज हुआ।

देश के 18 शहरों में हवा बहुत खराब, 9 हरियाणा के

देश के 18 शहरों में औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 301 से 400 के बीच दर्ज किया गया। इनमें हरियाणा के 9, उत्तर प्रदेश के 5, राजस्थान, पंजाब, तमिलनाडु का 1-1 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली शामिल है। गुरुग्राम का पंचगांव सबसे प्रदूषित रहा। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में जमीन से आसमान में करीब 1000 मीटर तक प्रदूषण की परत बनी हुई है। हरियाणा में 23 शहरों में हवा का स्तर 'बहुत खराब' या 'खराब' रहा।

25-जिलों में वोटिंग आज

राजेंद्र राठौड़ के बेटे-बहू भी मैदान में: 1.05 करोड़ वोटर करेंगे 8843 प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला



जयपुर कासं। राजस्थान में पंचायतीराज चुनावों के चौथे फेज में शनिवार को 25 जिलों की जिला परिषद और 116 पंचायत समितियों में वोटिंग होगी। 25 जिला परिषद के 382 वार्डों में 1322 और 116 पंचायत समितियों के 2142 वार्डों में 7521 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

1 करोड़ 5 लाख 94 हजार 285 वोटर इनकी हार-जीत का फैसला करेंगे। इनमें 54 लाख 88 हजार 275 पुरुष और 51 लाख 05 हजार 951 महिला वोटर हैं। चौथे फेज में 11,905 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

चौथे फेज में जिला परिषद और पंचायत समितियों में कई नेताओं के बेटे, बेटियां, बहू और रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह और उनकी बहू चूरू से जिला परिषद का चुनाव लड़ रहे हैं।

श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा उम्मीदवार

जिला परिषद और पंचायत समिति वार्डों में श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा उम्मीदवार हैं। श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा 30 जिला परिषद वार्डों में चुनाव हो रहे हैं। यहीं पर सबसे ज्यादा 101 प्रत्याशी हैं।

पंचायत समिति मेंबर्स के मामले में भी श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा 553 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां 164 पंचायत समिति वार्डों में चुनाव हो रहे हैं।

भारत की वनडे क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी हार

चौथे मैच में न्यूजीलैंड 244 रन से जीता; रोहित, विराट और अय्यर जीरो पर आउट



नई दिल्ली एजेन्सी। टीम इंडिया को 52 साल के वनडे इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड ने माउंट माउंगानुई में खेले गए सीरीज के चौथे मुकाबले में भारतीय टीम को 244 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट गई। मैट हैनरी ने भारत के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को आउट कर दिया। यह पहला मौका है जब भारत ने पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट गंवाए। इनके बाद आने वाले बल्लेबाज भी फेल रहे। सिर्फ ईशान किशन, अक्षर पटेल और नमन धीर ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके।

भारत सीरीज में 2-1 से आगे

टीम इंडिया 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 5 विकेट और दूसरा मुकाबला 4 रन से जीता था, जबकि तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा।

सोना 7 महीने बाद रु.1.36 लाख से नीचे आया

3 दिन में रु.6,536 सस्ता; चांदी रु. 3,500 गिरकर रु.1.77 लाख पर आई

मुम्बई एजेन्सी। शादी-ब्याह के लिए सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। सोने की कीमत 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आ गई है। इससे पहले 23 मार्च 2026 को सोना 1,35,141 रुपए पर आया था। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,808 रुपए गिरकर 1,35,884 रुपए आ गया है, जो एक दिन पहले 1.38 लाख रुपए पर था। इससे पहले 8 जनवरी 2026 को सोना 1,35,773 रुपए पर था। एक किलो चांदी 3,540 रुपए घटकर 1.77 लाख रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.81 लाख रुपए पर थी। सोना लगातार तीन दिन में 6,536 रुपए और चांदी 8,500 रुपए सस्ती हुई है। 10 नवंबर को सोना 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.86 लाख रुपए किलो थी। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।

ऑल टाइम हाई से 2.02 लाख रुपए गिरी चांदी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी।

तेंदुलकर-धोनी-कोहली के बाद अब हरमनप्रीत का वैक्स स्टेच्यू लॉन्च: बोलीं- 171 रन की पारी ने महिला क्रिकेट का नजरिया बदला



नई दिल्ली एजेन्सी। सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के बाद अब भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टेच्यू भी लॉन्च हो गया है। इस मौके पर हरमनप्रीत ने अपनी 171 रन की ऐतिहासिक पारी को याद करते हुए कहा कि इसने महिला क्रिकेट को देखने का नजरिया बदल दिया। उन्होंने कहा कि अपनी कप्तानी में वर्ल्डकप जीतना ऐसा पल है, जिसे वह कभी नहीं भूलेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी और कप्तान रह चुकीं हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला क्रिकेट को लेकर देश में लोगों का नजरिया तेजी से बदला है। अब महिला क्रिकेट के मुकाबले भी हाउसफुल होने लगे हैं और स्टेडियम में बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने पहुंचती हैं। यह बदलाव खिलाड़ियों के प्रदर्शन और दर्शकों के मिले प्यार का परिणाम है। जिस तरह 1983 में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के विश्व कप जीतने के बाद देश में क्रिकेट का पूरा परिदृश्य बदल गया था, उसी तरह महिला क्रिकेट टीम के विश्व कप जीतने के बाद अब महिला क्रिकेट की तस्वीर भी बदलती दिखाई दे रही है। यह तो अभी शुरुआत है, आने वाले समय में महिला क्रिकेट और भी नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।

हरमनप्रीत कौर शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित अपने वैक्स स्टैच्यू के अनावरण समारोह में शामिल हुईं।

इस अवसर पर जयपुर के नन्हे और युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने बल्ले उठाकर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बच्चों के इस अनूठे स्वागत से हरमनप्रीत भावुक नजर आईं। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और मेहनत के साथ अपने सपनों पर भरोसा रखने का संदेश दिया।


यह वैक्स स्टैच्यू अब स्थाई रूप से नाहरगढ़ फोर्ट स्थित हिस्टॉरिका-स्टेप इनटू हिस्ट्री म्यूजियम में स्थापित किया जाएगा। म्यूजियम की टीम ने प्रतिमा को वास्तविक रूप देने के लिए हरमनप्रीत के विस्तृत माप, फोटो और वीडियो लिए थे। आयोजकों के अनुसार, यह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर की वैक्स प्रतिमा है।

83 के वर्ल्डकप ने मेंस क्रिकेट को बदला था

उन्होंने कहा कि भारत को विश्व कप जिताना उनके जीवन के सबसे खास पलों में से एक है। जब उनके हाथों में विश्व कप की ट्रॉफी थी, उस पल को वह कभी नहीं भूल सकतीं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम का एक ही सपना था कि भारत को विश्व कप जिताना है और जब पूरी टीम ने मिलकर यह सपना पूरा किया तो वह किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं था। लॉर्ड्स में मिली जीत की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। टीम ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और एक ऐतिहासिक पल को साकार किया।

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम ठप, ऑस्ट्रेलिया की खुफिया सर्विस-पुलिस पर असर

जापान में सरकारी सिस्टम, हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग, फिलीपींस में कोर्ट और भारतीय एयरलाइंस पर असर



नई दिल्ली एजेन्सी। माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी से दुनियाभर की बड़ी कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के कामकाज पर असर पड़ा है। हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग सेवा, ऑस्ट्रेलिया में खुफिया और पुलिस सर्विस के कामकाज में परेशानी आई।

इधर, जापान में सरकारी सिस्टम और फिलीपींस में अदालतों का कामकाज प्रभावित हुआ। कई जगह स्कूलों, अस्पतालों का कामकाज ठप हो गया।

भारत में हवाई सेवाओं पर इसका असर दिखा। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट ने दिल्ली से उड़ान भरने वाली 3 फ्लाइट्स रद्द कर दीं, जबकि दरभंगा और मुंबई जाने वाली 2 फ्लाइट्स लेट हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी करके यात्रियों से एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक करने को कहा है। इंडिगो और अकासा एयर ने भी एडवाइजरी जारी की है।

माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस 15 घंटे से ठप

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की जरूरी ऑनलाइन सेवाएं करीब 15 घंटे से ठप हैं। ईमेल भेजने, ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने जैसे काम रुक गए हैं।

वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, दुनियाभर से अकेले माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक न चल पाने की 1.40 लाख से ज्यादा शिकायत मिली हैं।

माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया है कि सिस्टम में खराबी सॉफ्टवेयर के गलत तरीके से अपडेट होने की वजह से आई, लेकिन अब तक इसे ठीक नहीं किया जा सकता है।

भारत-पाकिस्तान फिर अंडर-19 एशिया कप का फाइनल आज, पिछली बार पाक जीता था



नई दिल्ली एजेन्सी। भारतीय अंडर-19 टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। 14 नवंबर को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें पिछली बार भी एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने थीं, जहां पाकिस्तान ने भारत को 191 रन से हराया था। गुरुवार को ओमान के मस्कट में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी। अफगानिस्तान ने भारत को 228 रन का लक्ष्य दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन बनाए। जवाब में भारत ने 36.5 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत टूर्नामेंट का पिछला 2 फाइनल हारा है। 2024 में उसे बांग्लादेश के खिलाफ हार मिली थी। वहीं 2025 में पाकिस्तान ने 191 रन के बड़े अंतर से भारत को हराया था। हालांकि ओवरऑल भारत ने इस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 8 बार जीता है।

औषधीय फसलों का नया क्षेत्र विस्तार के तहत ईसबगोल की खेती को देगा बढ़ावा उद्यान विभाग

किसानों को गुजरात की उन्नत किस्म गुजरात ईसबगोल-2 का बीज मिलेगा

730 हैक्टेयर के भौतिक व 97.38 लाख रुपए की वित्तीय कार्य योजना स्वीकृत



बीकानेर श्रेयांस बैद,(खबर आस पास)। उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत औषधीय फसलों का नया क्षेत्र विस्तार के तहत ईसबगोल की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। जिले में वर्तमान में औषधीय फसलों में ईसबगोल का क्षेत्रफल 56 हजार हेक्टेयर है व काफी तेजी से क्षेत्र बढ़ रहा है। औषधीय फसलों के क्षेत्र विस्तार को ध्यान में रखते हुए उद्यान विभाग द्वारा 730 किसानों को गुजरात की उन्नत किस्म गुजरात ईसबगोल-2 का उन्नत बीज गुजरात सीड्स 1खकार्पोरेशन लिमिटेड व अन्य आदान अनुदानित दर पर केवीएसएस से उपलब्ध करवा प्रदर्शन आयोजित करवाये जाएंगे ताकि क्षेत्र में ईसबगोल की खेती को बढ़ावा मिले।

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि औषधीय फसलों के नये क्षेत्र विस्तार हेतु कृषको को अधिकतम 1 हैक्टेयर क्षेत्र के लिए प्रोरेटा बेसिस पर अनुदान देय है। औषधीय फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा प्रति हेक्टेयर इकाई लागत 33350 रुपए निर्धारित की गई है सामान्य किसानों को लागत का 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित क्षेत्र के किसानों को लागत का 50 प्रतिशत अनुदान उद्यान विभाग द्वारा दिया जाना है। औषधीय फसलों की खेती करने वाले इच्छुक कृषकों को अनुदान का लाभ दिया जायेगा। कृषकों को औषधीय फसल विशेष के लिये पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज का लीफलेट/साहित्य भी उपलब्ध कराया जावेगा। एक कृषक को प्रोरेटा बेसिस पर अधिकतम 1 हैक्टेयर क्षेत्र तक औषधीय फसलों के नये क्षेत्र विस्तार पर अनुदान दिया जाएगा।

सहकारी संस्था से आदान उपलब्धता

उद्यान विभाग के निर्देशानुसार औषधीय पौधो का बीज कृषि विश्वविद्यालय/सम्बद्ध कृषि महाविद्यालय/केन्द्र/राज्य सरकार एवं अन्य राजकीय संस्था से सहकारी संस्थाओ के माध्यम से क्रय करवाकर कृषको को उपलब्ध कराया जायेगा। पैकेज आफ प्रेक्टिस अनुसार उर्वरक, पौध संरक्षण व अन्य आदान/उपादान निर्धारित प्रपत्र में उद्यान विभाग के कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी के द्वारा परमिट काटकर सहकारी संस्थाओ के माध्यम से 40 प्रतिशत अनुदानित दर पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। कृषकों द्वारा सहकारी संस्थाओ से शत प्रतिशत लागत पर आदान क्रय कर अनुदान के क्लेम्स विभाग को प्रस्तुत करने पर अनुदान राशि का भुगतान आर.टी.जी.एस. के द्वारा कृषकों को किया जायेगा। कृषक 60 प्रतिशत अंशदान आपूर्ति संस्था को जमा कराकर आदान प्राप्त करने की स्थिति में अनुदान राशि का भुगतान संम्बंधित आपूर्ति संस्था को किया जाएगा। उपनिदेशक उद्यान अनुसंधान ग्राहय प्रशिक्षण केंद्र प्रेमाराम ने बताया कि किसान संबंधित कृषि पर्यवेक्षक सहायक कृषि अधिकारी उद्यान से संपर्क कर औषधीय क्षेत्र विस्तार ईसबगोल की खेती हेतु स्वयं को ऑनलाइन राज किसान पोर्टल पर पंजीकृत कर योजना का लाभ लें।

बीकानेर मंडल के रतनगढ़-मोलीसर स्टेशनों के मध्य आरसीसी बॉक्स डालने के लिए ट्रैफिक ब्लॉक

ब्लॉक के कारण 2 रेलसेवाएं आंशिक रद्द, 2 मार्ग परिवर्तित, 1 रीशड्यूल एवं 1 रेलसेवा रेगुलेट रहेगी

बीकानेर (खबर आस पास)। रेलवे द्वारा बीकानेर मण्डल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड पर रतनगढ़-मोलीसर स्टेशनों के मध्य आरसीसी बॉक्स डालने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्नलिखित रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी।

आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाड़ी संख्या 14897, बीकानेर-हिसार रेल 1 दिसंबर को बीकानेर से प्रस्थान करेगी, वह रतनगढ़ तक ही संचालित होगी। अर्थात रतनगढ़-हिसार के मध्य यह रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 14898, हिसार-बीकानेर 2 दिसंबर को हिसार के स्थान पर रतनगढ़ से संचालित होगी। अर्थात हिसार- रतनगढ़ के मध्य यह रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी।

मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाड़ी संख्या 22482, दिल्ली सराय-जोधपुर एक्सप्रेस 1 दिसंबर को दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा- डेगाना होकर संचालित होगी।
- गाड़ी संख्या 14718, हरिद्वार-बीकानेर एक्सप्रेस 1 दिसंबर को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग अम्बाला-बठिण्डा-बीकानेर होकर संचालित होगी।

रीशड्यूल रेलसेवा (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाड़ी संख्या 12457, दिल्ली सराय-बीकानेर एक्सप्रेस 1 दिसंबर को दिल्ली सराय से अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 1 घंटे 30 मिनट की देरी से अर्थात 1.05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेगुलेट रेलसेवा (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाड़ी संख्या 14823, जोधपुर-रेवाड़ी एक्सप्रेस 2 दिसंबर को जोधपुर से प्रस्थान करेगी, वह रतनगढ़ स्टेशन पर 15 मिनट रेगुलेट रहेगी।

रोडवेज में परफॉर्मेंस इंडिकेटर रेटिंग प्रणाली लागू, जानिए यात्रियों को क्या लाभ होगा

बीकानेर (खबर आस पास)। राजस्थान रोडवेज में बस यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और डिपो के कामकाज को बेहतर और पारदर्शी बनाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत अब रोडवेज में परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई) रेटिंग व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे हर महीने ए क्लास डिपो के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य रोडवेज सेवाओं में सुधार लाना और डिपो के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।

100 अंकों का नया मूल्यांकन मॉडल तैयार :

रोडवेज प्रशासन की ओर से डिपो के कामकाज को परखने के लिए 100 अंकों का एक विशेष मॉडल तैयार किया गया है। इस मॉडल के अंतर्गत वित्तीय उपलब्धियों के लिए 40 अंक, स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति के लिए 30 अंक और यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए 30 अंक निर्धारित किए गए हैं। केवल प्रस्ताव भेजने या संभावित राशि बताने के बजाय अब वास्तविक वित्तीय उपलब्धि और डिपो पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के आधार पर ही अंक दिए जाएंगे।

कमजोर डिपो की पहचान और जवाबदेही तय करना आसान :

हर महीने होने वाले इस आकलन से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन सा डिपो किन मानकों पर पीछे चल रहा है, जिससे अधिकारियों को सुधार के लिए स्पष्ट निर्देश देने में आसानी होगी। इस रेटिंग में बसों की साफ-सफाई, समयबद्ध संचालन,शिकायतों के समाधान और डिपो की प्रशासनिक व परिचालन प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मानकों को शामिल किया गया है। जिन डिपो में सुविधाओं की स्थिति कमजोर होगी,उनकी कमियां सामने आने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी आसान हो जाएगा।

रोडवेज यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो सकेगी :

इस व्यवस्था के तहत मुख्य प्रबंधकों को अपने अधीन 15 नवंबर तक वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर जोनल मैनेजर को भेजने होंगे। इसके बाद जोनल मैनेजर 30 नवंबर तक इनका सत्यापन कर अनुमोदन के लिए निर्माण शाखा मुख्यालय को भेजेंगे। निर्माण शाखा द्वारा 15 दिसंबर तक लक्ष्य स्वीकृत कर आगे की कार्रवाई के लिए आईटी शाखा को भेजे जाने के बाद इस मॉडल को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों की रोडवेज बस की यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

ओझा सत्संग भवन 2 में 11 दिनों तक एक ही छत्त के नीचे होगा पांच कथाओं का वाचन

रासलीला के कलाकार देंगे प्रस्तुति,पोस्टर विमोचित



बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर में पहली बार एक ही छत्त के नीचे पांच अलग अलग कथाओं का वाचन किया जाएगा। 11 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में वृन्दावन की ब्रज मंडली की ओर रासलीला का मंचन भी होगा। बाहेती भवन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए महेन्द्र चूरा ने बताया कि सेवन स्टार फाउण्डेशन एवं सनातन मित्रमंडल के तत्वाधान में ओझा सत्संग भवन 2 में होने जा रहे इस आयोजन से एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली जाएगी। फाउण्डेशन के चूरा ने बताया कि 22 से 31 दिसंबर तक दोपहर 12:15 से 5:15 बजे तक पांच प्रकार की कथाओं का वाचन अलग अलग पंडितों द्वारा किया जाएगा। 22 व 23 दिसंबर को श्रीमद् देवी भागवत कथा का वाचन पं श्रीगोपाल नारायण व्यास करेंगे। वहीं 24 व 25 दिसंबर को पंडित आशाराम व्यास के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। 26 व 27 दिसंबर को पंडित सजय व्यास श्रीराम कथा, 28 व 29 दिसंबर को पंडित लक्ष्मीकांत व्यास कोलकाता वाले श्री बाबा रामदेव चरित कथा तथा 30 व 31 दिसंबर को पंडित मुरली मनोहर व्यास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। चूरा ने बताया कि 23 से 30 दिसंबर तक सायं 7 से 10 बजे तक वृंदावन की ब्रज मंडली रासलीला करेगी।

निकलेगी कलश यात्रा, होगा सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

चूरा ने बताया कि 11 दिवसीय पंच पावन कथा महोत्सव का आगाज कलश यात्रा से किया जाएगा। कलश यात्रा दम्माणी चौक स्थित बड़ा गोपाल मंदिर से रवाना होगी। जो मून्दड़ा चौक,हर्षों का चौक,रत्ताणी व्यासों का चौक, सदाफते, बारह गुवाड़,नत्थूसर गेट होती हुई ओझा सत्संग भवन पहुंचेगी। कलश यात्रा के दौरान जगह जगह स्वागत सत्कार किया जाएगा। कलश यात्रा के उपरान्त शाम 6 बजे बीकानेर मानस परिवार की ओर से संगीतमय सुन्दकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसकी पूर्णाहुति पर पूनरासर हनुमान मंदिर परिवार की ओर से महाआरती होगी।

कथा महोत्सव में मिलेगा साधु-संतों का सान्निध्य

कथा महोत्सव के दौरान अनेक साधु संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। इस दौरान काशी करपात्री धाम के अधिष्ठाता सर्वेश्वरानंद महाराज,सागर आश्रम बीकानेर के अधिष्ठाता श्रीधरानंद सरस्वती महाराज, श्री नवलेश्वर मठ के अधिष्ठाता शिव सत्यनाथ महाराज, संत सरजूदास महाराज,शिवबाड़ी मंदिर के अधिष्ठाता विमर्शानंद महाराज, गायत्री पीठ सागर के अधिष्ठाता रामेश्वरानंद महाराज,मुरली मनोहर धोरा के श्यामसुंदर महाराज, कथा की पूर्णाहुति के बाद 31 दिसंबर को महाप्रसादी का आयोजन किया गया है।

ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में आयोजन से पंडित राजेंद्र किराडू,कन्हैया लाल जोशी,जगत नारायण कल्ला, भंवर पुरोहित, दाऊलाल व्यास,बृजराज जोशी, बुलाकीदास व्यास, गोविन्दनारायण चूरा,श्याम सुंदर व्यास, महीधर नारायण पुरोहित, कमल, कुनाल डागा, निर्मल कुमार दम्माणी, देवकिशन चांडक, गोरधन बिन्नाणी, पं सुशील किराडू,पं अशोक किराडू, राजेन्द्र किराडू, राधेश्याम सोनी, विनोद सोनी, घनश्याम सोनी, नंद किशोर चांडक, हरगोपाल पुरोहित, कमल नारायण पुरोहित, हरिनारायण चूरा, सुरेन्द्र कुमार चूरा, कैलाश राठी, रामकुमार अग्रवाल, अशोक आचार्य, नरेश पुरोहित, अशोक बिस्सा, भंवर उपाध्याय, वीरेन्द्र किराडू, गोविन्द व्यास, इन्द्र जोशी, महावीर सांखला, संतोष पुरोहित, राजेन्द्र व्यास, श्रीकांत व्यास, राजकुमार व्यास, बालकिशन व्यास सहित अनेक जने मौजूद रहे।

आरएलजी संस्थान ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया

बीकानेर (खबर आस पास)। आरएलजी संस्थान ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों के साथ खेल खेले, खूब मस्ती की और उन्हें यह एहसास कराया कि उनका बचपन भी उतना ही अनमोल है और खुशियों पर उनका भी उतना ही अधिकार है। इस अवसर पर डॉ.अर्पिता गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का सबसे मजबूत माध्यम शिक्षा है। बाल दिवस के इस विशेष अवसर पर बच्चों को कपड़े, खिलौने, स्लेट, पढ़ाई की सामग्री एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित की गईं। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कार्यक्रम मे राजेश गुप्ता व स्नेहा शर्मा का सहयोग रहा।

झाड़ियों के पास मिला व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी


बीकानेर (खबर आस पास)। शहर के जेएनवी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह झाड़ियों के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान नापासर निवासी जीतू सिंह के रूप में हुई है। 13 नवंबर को सुबह करीब 10:45 बजे कोटड़ी रोड स्थित लव कुश वाटिका जोड़बीड़ क्षेत्र में झाड़ियों के पास एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर एक स्कूटी भी खड़ी मिली।

एफएसएल टीम ने मौके पर की जांच

सूचना मिलने पर जेएनवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों का पता लगाकर उन्हें जानकारी दी। इसके बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। खिदमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान के सेवादार एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की निगरानी में शव को पीबीएम पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान जीतू सिंह पुत्र देवी सिंह, निवासी वार्ड-4, नगरी बास, नापासर के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

मिस्र (काहिरा) और इटली (रोम) में होगी भारत सरकार के आधिकारिक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा; आर्मेनिया में विश्व के शीर्ष 10 में तीसरे स्थान पर रहा इको भारत

वैश्विक मंच पर भारत की सड़क सुरक्षा पहल: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एफटीए प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे इको भारत के संस्थापक सम्पत सारस्वत बामनवाली



बीकानेर (खबर आस पास)। भारत सरकार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय 10 दिवसीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल 13 से 22 नवंबर तक मिस्र और इटली की यात्रा करेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मिस्र तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से जुड़ी नीतियों पर चर्चा करना और समझौतों को आगे बढ़ाना है। भारत के वैश्विक व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में इस दौरे को अहम माना जा रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में इको भारत के संस्थापक एवं सीईओ सम्पत सारस्वत बामनवाली भी भारत सरकार की ओर से शामिल होंगे। उनके लिए और पूरी संस्था के लिए यह गर्व का क्षण है, क्योंकि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एक भारतीय पहल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है।

प्रीति क्लब का 'सुरों की दिवाली' दीपावली स्नेह मिलन बना यादगार, बॉलीवुड गीतों की धुनों पर झूमे परिवार



बीकानेर (खबर आस पास)। प्रीति क्लब, बीकानेर द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित 'सुरों की दिवाली' दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साह, उमंग और संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच यादगार बन गया। माहेश्वरी सदन में आयोजित इस समारोह में क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बॉलीवुड के सदाबहार पुराने और नए गीतों की धुनों ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में गायक राजा किराडू ने अपनी गायकी से समां बांध दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष गोपीकिशन पेड़ीवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन परिवारों के बीच आत्मीयता, प्रेम और आपसी जुड़ाव को और मजबूत बनाते हैं। सचिव रघुवीर झँवर ने आयोजन की भावना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्लब का प्रयास केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को भी नई ऊर्जा देना है। दीपावली के उल्लास और उत्सव से पूर्व प्रीति क्लब ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए सेवा कार्यों में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। क्लब के प्रयासों से अनेक जरूरतमंद परिवारों की दीपावली भी सार्थक एवं खुशियों से परिपूर्ण बन सकी। क्लब का भाव रहा कि दीपावली की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हमारे घरों में दीप जलने के साथ किसी जरूरतमंद के घर का अँधेरा भी दूर हो। त्योहारों की असली खुशी केवल अपने लिए खुशियाँ जुटाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का उजाला बाँटने में है। दाऊलाल बिनानी ने सभी सहयोगकर्ताओं, अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीकानेर शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता की। प्रमुख रूप से सुरेश दम्माणी, तोलाराम पेड़ीवाल, बृजमोहन चाँडक, जुगल राठी, श्रीराम सिंगी, ओमप्रकाश करनानी, दाऊलाल बिनानी, भवानीशंकर राठी, किशन लोहिया, रमेश चाँडक, सुरेश पेड़ीवाल , शशि बिहाणी, सुनील सारड़ा, कपिल लढ़ा, नरसिंह मिमाणी, बालकिशन थिरानी, अश्विनी पचीसिया, तोलाराम चाँडक, भाटमल पेड़ीवाल, याज्ञवल्क्य दम्माणी, आशीष कोठारी, राकेश जाजू, मनीष बिहाणी एवं नारायण बिहाणी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

रोटरी राज्यस्तरीय राजस्थानी भाषा-साहित्य पुरस्कार 14 नवम्बर को दिए जाएंगे

बीकानेर (खबर आस पास)। रोटेरी क्लब द्वारा राजस्थानी भाषा और साहित्य से संबंधित साहित्यकारों को प्रतिवर्ष राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। रोटरी क्लब अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम राजस्थानी पुरस्कार 51000 रूपए का ''कला डूंगर कल्याणी राजस्थानी शिखर पुरस्कार'' राजस्थानी और हिन्दी के साहित्यकार डॉ. कल्याणसिंह शेखावत, जोधपुर को दिया जाएगा। राजस्थानी समारोह के संयोजक मनमोहन कल्याणी ने बताया कि राजस्थानी भाषा का रुपए 25000 ''खींवराज मुन्नीलाल सोनी राजस्थानी गद्य पुरस्कार'' बालोतरा के लेखक अर्जुनदान चारण की कहानी संग्रह ''जीवण जात्रा-जात्रा जीवण'' को दिया जाएगा। रुपए 15000 ''ब्रज उर्मि अग्रवाल राजस्थानी पद्य पुरस्कार'' डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, बीकानेर की कविता की पुस्तक ''भळै भरोसो ओर रो'' पुस्तक को दिया जाएगा। कल्याणी ने बताया कि रुपए 11000 ''सोमवर्षा राजस्थानी महिला साहित्य पुरस्कार'' प्रेमलता सोनी, जयपुर को घोषित हुआ है।

आईजीएनपी नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में मचा हड़कंप

बज्जू (खबर आस पास)। बज्जू क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर परियोजना (IGNP) की आरडी 910 के पास पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम आरडी 931 के पास शव को नहर से बाहर निकालने की तैयारी में जुटी हुई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, शव को नहर से बाहर निकालने के बाद ही मृतक की पहचान और घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां सामने आ सकेंगी।

छत की पट्टियां तोड़कर ज्वैलरी शॉप में घुसे चोर, 45 मिनट में लाखों का सामान हुआ चोरी

बीकानेर (खबर आस पास)। शहर में चोरों ने एक बार फिर ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चौखूंटी पुल के पास सारण पेट्रोल पंप के सामने स्थित पीआर ज्वैलर्स की दुकान में चोर छत की पट्टियां तोड़कर अंदर घुसे और लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण समेटकर फरार हो गए।वारदात शुक्रवार सुबह करीब 4:15 बजे की बताई जा रही है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। चोरी का पता चलने पर दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। फुटेज में दो संदिग्धों की गतिविधियां सामने आई हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने और उनकी तलाश में जुटी हैं। दुकान संचालक राजेश कुमार सोनी ने बताया कि गुरुवार रात करीब सवा आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह 9:40 बजे दुकान पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान का सामान बिखरा हुआ था और गेट भी टूटा हुआ था। जब ऊपर जाकर देखा तो छत की पट्टियां टूटी मिलीं। इसके बाद काउंटर संभाला तो उसमें रखा पूरा सामान गायब था।